ऋतु परिवर्तन का स्वास्थ्य से सीधे सम्बन्ध है। स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी समस्याओं के समाधान के लिये 'गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय एवं महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय' में आगामी 3 फरवरी,2013 दिन रविवार को निःशुल्क बृहद् स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया है।

उक्त जानकारी **गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) के.पी.बी.सिंह** ने दी। उन्होनें बताया कि गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय पूर्वी उत्तर प्रदेश में सही, सस्ती एंव विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा की पहचान है। चिकित्सालय के संस्थापक परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के आशिर्वाद से समय–समय पर चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य मेला आयोजित कर आम जन को लाभान्वित कराया जाता है। यह चिकित्सालय की ओर से 59वां स्वास्थ्य मेला है। स्वास्थ्य मेला में सभी रोगों की जांच, परामर्श एवं निवारण की उचित व्यवस्था रहेगी। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन 3 फरवरी,2013 को प्रातः 9.00 बजे गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी एवं गोरखपुर के सांसद योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया जायेगा। जो भी सच्चन निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाना चाहता है वह प्रातः 8.30 बजे तक चिकित्सालय परिसर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकता है।